प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 24 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

**www.trai.gov.in**

नई दिल्ली, 24 फरवरी 2026

तत्काल प्रकाशन हेतु

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने दिल्ली शहर के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जनवरी 2026 के महीने के दौरान व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए दिल्ली लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल *टाईम* मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे।

06 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 249.1 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 08 हॉटस्पाट *स्थानों,* 9.6 किलोमीटर वॉक टेस्ट और *01 स्थान* पर इंटर ऑपरेटर कॉलिंग करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

क) **वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.) कवरेज।


ख) **डाटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 82.82%, 99.22% और 100.00% है।

**ड्रॉप कॉल रेट**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.39%, 6.34%, 0.53% और 0.00% है।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन**

**सी.एस.एस.आर.**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), **सी.एस.टी.**: कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर**: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और **एम.ओ.एस.**: मीन ओपिनियन स्कोर।



| सारांश - वॉइस सेवाएं | सारांश - डाटा सेवाएं |
|---|---|
| **कॉल सेटअप सक्सेस रेट**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 82.82%, 99.22% और 100.00% है।<br><br>**कॉल सेटअप टाइम**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 0.79, 3.20, 0.63 और 0.56 सेकंड है।<br><br>**ड्रॉप कॉल रेट**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.39%, 6.34%, 0.53% और 0.00% है।<br><br>**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट**: पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G) में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.00%, 2.23% और 6.61% है।<br><br>**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.)**: एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 4.03, 2.75, 4.46 और 4.40 हैं। | **डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र)**: एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 231.97 Mbps, एमटीएनएल (3G) की 3.83 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 266.99 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 24.55 Mbps है।<br><br>**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)**: एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 31.39 Mbps, एमटीएनएल(3G) की 1.04 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 23.93 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 11.00 Mbps है।<br><br>**लेटेंसी (समग्र)**: एयरटेल, एमटीएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 20.80 ms, 21.65 ms, 20.62 ms और 38.98 ms है।<br><br>**डाटा निष्पादन - हॉट स्पॉट ( Mbps में):**<br>एयरटेल - 4G D/L: 22.72, 4G U/L: 4.79; 5G D/L: 214.10, 5G U/L: 29.95<br>आरजेआईएल- 4G D/L: 41.50, 4G U/L: 13.97; 5G D/L: 361.84, 5G U/L: 31.96<br>वीआईएल - 4G D/L: 22.27, 4G U/L: 6.67; 5G D/L: 44.13, 5G U/L: 29.46<br><br>**नोट- "डी/एल" डाउनलोड गति, "यू/एल" अपलोड गति। एमटीएनएल में *4G* और *5G* तकनीक नहीं देखी गई है।** |

दिल्ली शहर *में, नेटवर्क के* मूल्यांकन में भजनपुरा, शाहदरा, दिलशाद गार्डन, गांधी नगर, कृष्णा नगर, आनंद विहार, पटपड़गंज, आई. पी. एक्सटेंशन, मयूर विहार फेज III और खिचड़ीपुर आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने एमिटी इंटरनेशनल स्कूल मयूर विहार फेज 1, भाई परमानंद इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस स्टडीज शकरपुर, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय राजा राम कोहली मार्ग गीता कॉलोनी, दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन, कड़कड़डूमा कोर्ट, मैक्स सुपर *स्पैशलिटी हॉस्पिटल* पटपड़गंज, शाहदरा मेट्रो स्टेशन और वी3एस मॉल लक्ष्मी नगर में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

08 जनवरी 2026 को दिल्ली शहर में आयोजित किए गए वाक टेस्ट में आई एस बी टी के आस-पास के इलाकों सहित आनंद विहार रेलवे स्टेशन और गांधी नगर मार्केट, स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर के आस-पास के इलाकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।

ये टेस्ट रीयल *टाईम मोबाइल नेटवर्क के* वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझााए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली) भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in या टेलीफोन नं +91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

Vivek Khare

(विवेक खरे)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., दिल्ली